शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– **registrarsnpv@gmail.com** , वेबसाईट- **https://snpv.ac.in**

क्रमाँक 585 / अका. / प्रवेश 2022–23 / 2022 रायगढ़, दिनाँक 01.08.2022

–:: अधिसूचना ::–

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु जारी अकादमिक कैलेण्डर एवं प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के अनुपालन एवं विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 500 / अका. / प्रवेश 2022–23 / 2022 दिनांक 12.072022 के अनुक्रम में किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर एवं टी.सी.एल. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जांजगीर–चांपा के एल.एल.एम. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु निम्नानुसार समय–सारिणी जारी की जाती है:–

<u>किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर एवं टी.सी.एल. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जांजगीर के एल.एल.एम. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु।</u>

सरल क्रमांक	विवरण	तिथि
1.	ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर एवं एल.एल.एम. के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पंजीयन (पंजीयन शुल्क भुगतान सहित) प्रारंभ होने की तिथि	01.08.2022, दिन सोमवार
2.	ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर एवं एल.एल.एम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश पंजीयन (पंजीयन शुल्क भुगतान सहित) की अंतिम तिथि	10.08.2022, दिन बुधवार रात्रि 12:00 बजे तक
3	प्रवेश पंजीयन (पंजीयन शुल्क भुगतान सहित) की अंतिम तिथि उपरांत महाविद्यालयों द्वारा कॉलेज लॉगिन के माध्यम से आवेदको की सूची डाउनलोड कर नियमानुसार मेरिट सूची जारी कर प्रवेश देने की अंतिम तिथि	26.08.2022 सायं 05:00 बजे तक

उपरोक्तानुसार प्रवेश प्रक्रिया उल्लेखित समयावधि में महाविद्यालयों द्वारा नियमानुसार संपन्न किया जावें एवं प्रवेश दिये जाने के उपरांत प्रवेशित छात्र–छात्राओं की आई.डी. महाविद्यालय लॉगिन के माध्यम से परीक्षण उपरांत सावधानीपूर्वक लॉक किया जाना अनिवार्य होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित प्राचार्य एवं उनके द्वारा नियुक्त प्रवेश प्रभारी की होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य संपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2022–23 के लिए छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांतों का अनिवार्यतः पालन कराते हुए संबंधित आवेदकों के दस्तावेजों का सावधानीपूर्वक परीक्षण उपरांत प्रवेश प्रक्रिया संपादित करना सुनिश्चित करेंगे।

नोटः– माननीय कुलपति महोदय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यो को नियमानुसार प्रवेश हेतु दिनांक 26.08.2022 तक अधिकृत किया जाता है।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

पृ.क्रं. 586/ अका./प्रवेश 2022–23/2022 रायगढ़, दिनाँक 01.08.2022

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. प्राचार्य, किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ एवं प्राचार्य, टी.सी.एल. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जांजगीर–चांपा को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
03. संपादक/संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
04. कार्यालय प्रति।

प्रभारी अधिकारी (अकादमी)